## 7.1.3

## Quality audits on environment and energy regularly undertaken by the Institution.

The institutional environment and energy initiatives are confirmed through the following-

1. Green audit / Environment audit
2. Energy audit
3. Clean and green campus initiatives
4. Beyond the campus environmental promotion activities

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Signature Not Verified
Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

# CLEAN AND GREEN CAMPUS INITIATIVES

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Signature Not Verified
Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

# GOVT. POSTGRADUATE COLLEGE, GUNA

Affiliated to Jiwaji University, Gwalior (M.P.)

Phone No.: 07542-251641 Email : hegpgcgun@mp.gov.in

Website : https://pgcollegeguna.in/


## Plantation within the Campus


दैनिक मणिधारी टाइम्स

निडरता विचारों की

2-1-2021


एक नजर

### पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा पौधारोपण कर 12 जनवरी युवा दिवस के बारे में जानकारी दी




पौधारोपण करते हुए रासेयो सदस्य।

**मणिधारी टाइम्स गुना।** पीजी कॉलेज में रासेयो की विज्ञान एवं वाणिज्य इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्य डॉ. बीके तिवारी के संरक्षण में महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान एवं वाणिज्य इकाई के अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला, सहायक प्राध्यापक गणित एवं छात्रा इकाई की अधिकारी डॉ अनुपमा श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने किया। पौधारोपण में महाविद्यालय के समस्त वरिष्ठ प्राध्यापकों ने भी भागीदारी की। अंत में अनिल कुमार शुक्ला द्वारा स्वयंसेवकों को पौधारोपण के द्वारा हम किस तरीके से वातावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बना सकते हैं एवं 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाये जाने वाले युवा दिवस के बारे में जानकारी दी।

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Signature Not Verified
Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुना (म.प्र.)

क्र.....[illegible]...../2021 गुना,दिनांक 14.07.21

प्रति

समस्त विभागाध्यक्ष/प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक/अतिथि विद्वान
शा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय,गुना

विषय–म.प्र.शासन के अंकुर कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में।
संदर्भ–कार्यालय अतिरिक्त संचालक,ग्वालियर का पत्र क्र.631/क्षे.का/उशि/2021 ग्वालियर दिनांक 09.07.21

---

उपर्युक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भ में लेख है कि म.प्र.शासन द्वारा संचालित अंकुर कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाना है। अंकुर कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत दिशानिर्देशों के निमित आवश्यक मीटिंग दिनांक 15.07.2021 को सांय 4.30 बजे सेमीनार हॉल में आयोजित की गयी है जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।

अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तैयार किये गये मोबाइल एप 'वायुदूत' एप पर विद्यार्थियों का पंजीयन किया जाना है। पंजीयन के उपरांत योजना अवधि में कम से कम एक वृक्ष लगाकर विद्यार्थियों द्वारा वायुदूत एप के माध्यम से वृक्षारोपण के फोटोग्राफ अपलोड कराये जाने हैं। विद्यार्थियों द्वारा एक से अधिक संख्या में भी पौधों का रोपण किया जा सकता है और नवरोपित पौधों की फोटो इस एप पर अपलोड की जा सकेगी। वृक्षारोपण के 30 दिन बाद विद्यार्थियों को पुनः उसी/उन्हीं नवरोपित पौधे/पौधों की नवीनतम फोटोग्राफ वायुदूत एप पर अपलोड करने होंगे। द्वितीय फोटो अपलोड करने के बाद संबंधित विद्यार्थियों को वायुदूत एप से सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।

अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत किये जा रहे पौधरोपण का रेण्डम आधार पर कलेक्टर महोदय द्वारा जन अभियान परिषद के वॉलिण्टयर्स/मास्टर ट्रेनर्स/वेरीफायर द्वारा सत्यापन कराया जायेगा। जिलेवार चयनित विजेताओं को वृक्ष–वीर एवं वृक्ष–वीरांगना के रूप में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा प्राणवायु अवार्ड देकर सम्मानित किया जायेगा।

अंकुर कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महाविद्यालय स्तर पर समस्त विभागाध्यक्ष वायुदूत एप पर स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन एवं पौधरोपण के फोटो अपडेशन कार्य का समन्वय कर अंकुर कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। इस हेतु शासन द्वारा डॉ.मीरा मित्तल एवं डॉ.मुकुलिता उपाध्याय शा.के. आर.जी.कॉलेज,ग्वालियर को गुना जिले के लिए समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को अंकुर कार्यक्रम से जोड़ने हेतु निम्नानुसार समिति गठित की जाती है–**

| क्र | नाम प्राध्यापक/सहा.प्राध्यापक/ अतिथि विद्वान | दायित्व/प्रभार | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजकुमार वर्मा विभागाध्यक्ष हिन्दी | एम.ए.हिन्दी | 20 |
| 2 | डॉ.शालिनी कौशिक विभागाध्यक्ष अंग्रेजी | एम.ए.अंग्रेजी | 20 |
| 3 | डॉ.पी.एन.मिश्र विभागाध्यक्ष संस्कृत | एम.ए.संस्कृत | 20 |
| 4 | श्री देवेन्द्र साहू विभागाध्यक्ष इतिहास | एम.ए.इतिहास | 20 |
| 5 | श्री पुरुषोत्तम गौतम विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र | एम.ए.अर्थशास्त्र | 20 |
| 6 | डॉ.प्रभात चौधरी विभागाध्यक्ष राजनीति | एम.ए.राजनीति | 25 |
| 7 | प्रो.हरिओम खटीक विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान | एम.ए.मनोविज्ञान | 25 |

Principal
Govt. P.G. College Guna

Signature Not Verified

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | डॉ एस के छारी विभागाध्यक्ष भूगोल | एम ए भूगोल | 20 |
| 9 | डॉ व्ही पी श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष वाणिज्य<br>डॉ ललित नामदेव<br>डॉ देवेन्द्र कुमार भडेरिया | एम.कॉम. | 20<br>20<br>20 |
| 10 | डॉ शिवराम शर्मा विभागाध्यक्ष गणित | एम.एससी.गणित | 20 |
| 11 | डॉ वृषाली जोशी विभागाध्यक्ष भौतिकी | एम.एससी.भौतिकी | 20 |
| 12 | डॉ निरंजन श्रोत्रिय विभागाध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र<br>डॉ टेसी थामस | एम.एससी.वनस्पतिशास्त्र | 20<br>20 |
| 13 | श्री विकास पित्रे विभागाध्यक्ष जूलॉजी | एम.एससी.जूलॉजी | 20 |
| 14 | डॉ सुमनलता श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष रसायन<br>डॉ कल्पना रायकवार | एम.एससी.रसायन | 20<br>20 |
| 15 | डॉ आर के विजयवर्गीय विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर<br>श्रीमती मेहा भटनागर | एम.एससी.कम्प्यूटर | 20 |
| 16 | प्रो आर के वर्मा विभागाध्यक्ष विधि | एलएल.बी. | 25 |
| 17 | डॉ अनुपमा श्रीवास्तव | एन.एस.एस.कार्यक्रम अधिकारी | 20 |
| 18 | श्री सजीव कुशवाह | एन.एस.एस.कार्यक्रम अधिकारी | 20 |
| 19 | श्री अनिल कुमार शुक्ला | एन.एस.एस.कार्यक्रम अधिकारी | 20 |
| 20 | डॉ.मनोज भिरोरिया | एन.सी.सी.अधिकारी | 25 |

समितियों के प्रभारी/सदस्य पौधारोपण की जानकारी (वायुदूत एप के माध्यम से जो प्रविष्टि कराई हैं) डॉ.मनोज कुमार भिरोरिया अंकुर कार्यक्रम प्रभारी को मो.9425735368 पर प्रतिदिन दोपहर 3.00 बजे अनिवार्यतः देना सुनिश्चित करेंगे।

(डॉ.बी.के.तिवारी) 14/7/2021
प्राचार्य
शा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय,गुना

Principal
Govt. P.G College Guna

प्रतिलिपि–

1. आयुक्त महोदय, उच्चशिक्षा म.प्र.शासन, सतपुड़ा भवन भोपाल।
2. अतिरिक्त संचालक महोदय, उच्चशिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय,ग्वालियर।
3. जिलाधीश महोदय, जिला गुना।

(डॉ.बी.के.तिवारी) 14/7/2021
प्राचार्य
शा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय,गुना

Principal
Govt. P.G College Guna

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Signature Not Verified
Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

दैनिक मणिधारी टाइम्स निडरता विचारों की


एक नजर

## पीजी कॉलेज में पौधारोपण कर मनाया गया इको क्लब दिवस




गुना ( मणिधारी टाइम्स )। शासकीय पीजी कॉलेज गुना की इको-क्लब इकाई ने महाविद्यालय के बॉटनीकल गार्डन में प्राचार्य डॉ बीके तिवारी, बॉटनी विभाग की प्राध्यापक डॉ अर्चना श्रोत्रिय, डॉ टेसी थॉमस, इको क्लब प्रभारी एवं एन सी सी अधिकारी कैप्टन मनोज भिरोरिया एवं इको क्लब सदस्यों ने साफ सफाई कर पौधारोपण किया एवं मध्यप्रदेश सरकार के अंकुर कार्यक्रम के तहत वृहद वृक्षारोपण अभियान की जानकारी दी। जिसमें इको क्लब व एनसीसी के लगभग 60 छात्र छात्राओं ने सम्लित रूप से भाग लिया। जिसमे सभी ने कोरोना गाइडलाइन का पालन किया।

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Signature Not Verified
Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

Phone No.: 07542-251641 Email : hegpgcgun@mp.gov.in

Website : https://pgcollegeguna.in/


Niranjan Shrotriya

24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Signature Not Verified
Brij Kishore Tiwari

24.12.2023 01:36
Principal

# GOVT. POSTGRADUATE COLLEGE, GUNA

Affiliated to Jiwaji University, Gwalior (M.P.)

Phone No.: 07542-251641 Email : hegpgcgun@mp.gov.in

Website : https://pgcollegeguna.in/


## Swami Vivekanand Garden




Signature Not Verified

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

# Botanical Garden






Govt PG College, Guna (MP)

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Signature Not Verified
Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal







Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Signature Not Verified
Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal







Signature Not Verified

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal







Signature Not Verified

Niranjan Shrotriya

24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Brij Kishore Tiwari

24.12.2023 01:36
Principal







Signature Not Verified

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

# Rally on Awareness about Environment






Signature Not Verified

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

# GOVT. POSTGRADUATE COLLEGE, GUNA

Affiliated to Jiwaji University, Gwalior (M.P.)

Phone No.: 07542-251641 Email : hegpgcgun@mp.gov.in

Website : https://pgcollegeguna.in/



दैनिक अमृत दर्शन | बुधवार 8 जून 2022


## पेड़ लगाना है, पर्यावरण बचाना है, विद्यार्थियों ने निकाली रैली

गुना ■ निसं

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ वीके तिवारी की मौजूदगी में इतिहास विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली। रैली में छात्र-छात्राएं वर्तमान में बिगड़ता पर्यावरण का स्वरूप पर केंद्रित पोस्टर हाथों में लेकर चल रहे थे। पर्यावरण पर केंद्रित ये पोस्टर छात्र-छात्राओं ने खुद उकेरे थे।



छात्र-छात्राओं ने इन पोस्टरों के जरिए ये संदेश दिया कि किस प्रकार पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। धरती से भूजल कम हो रहा है। पेड़ दिन पर दिन कटते जा रहे हैं। जिसके कारण भूमंडल में गर्मी बढ़ती जा रही है। विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से बताया कि किस तरह बढ़ता हुआ औद्योगिकरण और विकास पर्यावरण के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। धरती पर पेड़ों के जंगल की जगह कांक्रीट के जंगल बनते जा जा रहे हैं। जोकि आने वाली पीढ़ी के लिए घातक है। रैली में छात्र-छात्राओं ने नारों के माध्यम से राहगीरों को संदेश दिया कि पेड़ लगाने के साथ-साथ पेड़ों को बचाएं भी। इस जागरूकता रैली में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। इस दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में लगे हुए पेड़ों की रक्षा का भी संकल्प लिया। आज विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस भी है । इसे छात्रों ने महाविद्यालय में मानव श्रृंखला बनाकर मनाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वीके तिवारी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जल के साथ-साथ अन्न की भी रक्षा का संकल्प दिलाया। उन्होंने अपने कहा कि अन्न का एक-एक दाना किसान बेहद परिश्रम से उगाता है। इसीलिए अन्न को बर्बाद नहीं करना चाहिए। हमें अपने पर्यावरण का संरक्षण तो करना ही है। अन्न- जल की रक्षा भी करनी है। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती सोनू जैन ने किया।

Signature Not Verified

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

# GOVT. POSTGRADUATE COLLEGE, GUNA

Affiliated to Jiwaji University, Gwalior (M.P.)

Phone No.: 07542-251641 Email : hegpgcgun@mp.gov.in

Website : https://pgcollegeguna.in/


## No Vehicle Day

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना (म.प्र.)

गुना,दिनांक 04.02.2022

### "No Vehicle Day" सूचना

पर्यावरण की सुरक्षा हेतु रसायन विभाग की ओर से माह में एक दिन महाविद्यालय परिसर को प्रदूषण मुक्त रखने एवं कार्बन उत्सर्जन को कम करने हेतु परिसर में वाहन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर "No Vehicle Day" का आयोजन किया जाना है।

"No Vehicle Day" का आयोजन प्रत्येक माह के अंतिम कार्यदिवस में किया जायेगा। माह फरवरी में 28.02.2022 को इसका आयोजन किया जाना है। अतः इस दिन समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं को बिना वाहन के ही महाविद्यालय में उपस्थित होना है। इस दिन महाविद्यालय परिसर में ईंधन वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे, केवल साईकिल ला सकते हैं।

(डॉ.बी.के.तिवारी)

प्राचार्य 4/2/2022

शा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय,गुना

Niranjan Shrotriya

24.12.2023 01:26

IQAC Coordinator

Signature Not Verified

Brij Kishore Tiwari

24.12.2023 01:36

Principal

## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुना

// प्रेस नोट //

दिनांकः 27/02/2023

**पीजी कॉलेज में दिनांक 28.02.2023 को मनाया जायेगा वाहन निषेध दिवस**

**(हर माह के अंतिम दिवस पर मनाया जाता है)**

शासकीय पीजी कॉलेज के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.02.2023 को फरवरी माह का अंतिम कार्यदिवस होने के कारण दिनांक 28.02.2023 को वाहन निषेध दिवस मनाया जायेगा। अतः दिनांक 28.02.2023 को समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी कॉलेज परिसर में बिना ईंधन वाहन के अथवा साइकिल से ही आयें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य है कि वातावरण में कार्बन उत्सर्जन एवं अन्य विषैली गैसों के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में जागरूकता पैदा करना एवं पर्यावरण संरक्षण में जनसामान्य के योगदान को सुनिश्चित करना है।

डॉ.बी.के.तिवारी
प्राचार्य
शा.स्नातकोत्तर महा.गुना

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Signature Not Verified
Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal




Signature Not Verified

Niranjan Shrotriya Brij Kishore Tiwari

24.12.2023 01:26 24.12.2023 01:36

IQAC Coordinator Principal

## Initiative by Eco-Club

दैनिक भास्कर गुना भास्कर 09-10-2022

### वन्य जीव संरक्षण सप्ताह का समापन, किए पुरस्कार वितरण

भास्कर संवाददाता | गुना

स्थानीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुना में जिला ईको क्लब इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. बीके तिवारी के संरक्षण और आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. निरंजन श्रोत्रिय के निर्देशन में 1 से 7 अक्टूबर 2022 के बीच वन्य जीव संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 1 से 5 अक्टूबर तक ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया।

6 अक्टूबर 2022 को वन्य जीवन तथा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मगध विश्वविद्यालय बिहार के तहत आने वाले बोधगया के प्रो. डॉ. राहुल कुमार, विपिन बिहारी महाविद्यालय झांसी उप्र के डॉ. मानवेंद्र सिंह सेंगर व शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुना के प्रोफेसर डॉ. मनोज भिरोरिया ने अपना प्रस्तुतिकरण दिया।

वेबिनार का संचालन प्राणिशास्त्र के विभागाध्यक्ष तथा ईको क्लब के संयोजक प्रो. विकास पित्रे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्राणिशास्त्र की प्रो. डॉ. मेघा श्रीवास्तव ने किया। वेबिनार कार्यक्रम में ऑन लाइन के माध्यम से जिले के समस्त महाविद्यालयों के प्राध्यापक तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



गुना। कॉलेज में हुई प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं।

वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के समापन अंतिम दिन पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में हर्ष पटवा प्रथम तथा द्वितीय छात्रा ऊषा मांझी रहीं। जब कि रंगोली में छात्र राहुल दास प्रथम व द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से दामिनी और पूजा बालके रहीं। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं द्वारा भागीदारी की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. व्हीपी श्रीवास्तव ने पर्यावरण का महत्व बताते हुए छात्रों द्वारा कार्यक्रम में की गई भागीदारी की सराहना की। इस कार्यक्रम में निर्णायक प्रो.राजकुमार वर्मा और भावना पाल रहीं।




Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Signature Not Verified
Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

# GOVT. POSTGRADUATE COLLEGE, GUNA

Affiliated to Jiwaji University, Gwalior (M.P.)

Phone No.: 07542-251641 Email : hegpgcgun@mp.gov.in

Website : https://pgcollegeguna.in/

# Initiative by NSS



दैनिक भास्कर
भोपाल, मंगलवार, 12 जुलाई, 2022 14

## जनसंख्या वृद्धि से संसाधन हुए कम, पर्यावरण को भी नुकसान

### पीजी कॉलेज में आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता

कॉलेज में हुई भाषण प्रतियोगिता में मौजूद छात्राएं।

भास्कर संवाददाता | गुना

पीजी कॉलेज में रासेयो की छात्रा इकाई ने जनसंख्या दिवस पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसका विषय-जनसंख्या वृद्धि था। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भाषण में जनसंख्या वृद्धि के मुख्य कारण एवं परिणामों पर प्रकाश डाला। पूजा धाकड़ ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि का एक बहुत बड़ा कारण बेटा पाने की चाहत है। साथ ही जनसंख्या वृद्धि से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए दामिनी बाल्के ने कहा कि इससे संसाधनों की कमी हो रही है। पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है। राधा शर्मा ने बताया कि जनसंख्या वृद्धि के कारण हमें रोजगार के अवसर कम प्राप्त हो रहे हैं तथा जीवन अधिक संघर्षमय होता जा रहा है। निर्णायक मंडल में डॉ. अनीता मेवाफरोश सहायक प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र एवं डॉ. शकुंतला प्रजापति सहायक प्राध्यापक हिंदी साहित्य ने अपने निर्णय से राधा शर्मा एवं दामिनी बाल्के को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार दिया एवं द्वितीय स्थान पर पूजा धाकड़ एवं तृतीय स्थान पर पूजा सिंह रहीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। अंत में कार्यक्रम अधिकारी सोनू जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसंख्या वृद्धि देश एवं समाज की प्रगति में बाधक है। इसलिए सभी का दायित्व है कि इस दिशा में सोचकर आवश्यक कदम उठाएं।

Signature Not Verified

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

Affiliated to Jiwaji University, Gwalior (M.P.)

Phone No.: 07542-251641 Email : hegpgcgun@mp.gov.in

Website : https://pgcollegeguna.in/


## Swacchata Abhiyaan



भोपाल, मंगलवार 08 दिसंबर, 2020 | 15

### स्वच्छता पखवाड़े में निकाली जागरूकता रैली

स्वच्छता पखवाड़े के तहत एनसीसी कैडेट्स ने जागरुकता रैली निकाली।

भास्कर संवाददाता | गुना

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डी कंपनी गुना द्वारा 35 एमपी बीएन एनसीसी शिवपुरी के कमान अधिकारी कर्नल धीरेंद्र सिंह के निर्देशन में 5 दिसंबर से स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सोमवार को सभी कैडेट्स ने ऐएनओ डी कंपनी गुना कैप्टन मनोज भिरोरिया के मार्गदर्शन में लाल परेड से कैंट चौराहा होकर लाल परेड तक एक जागरूकता रैली निकाली। जिसमें सीनियर अंडर अफसर आशीष राठौर एवं अंडर अफसर आकाश परिहार ने अहम भूमिका निभाई व सभी कैडेट्स के साथ लोगों को खुले में शौच करने से होने वाले नुकसानों को नारों के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचाया। सभी कैडेट्स ने कोरोना महामारी को दृष्टिगत रखते हुए सामाजिक दूरी का पालन एवं फेस मास्क का उपयोग किया।

### बिजली पेंशनरों की लंबित 8 सूत्रीय मांगों का प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

गुना | मप्र विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ जबलपुर ... कराते हुए कलेक्टर गुना के माध्यम से दिया ...

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Signature Not Verified
Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

# GOVT. POSTGRADUATE COLLEGE, GUNA

Affiliated to Jiwaji University, Gwalior (M.P.)

Phone No.: 07542-251641 Email : hegpgcgun@mp.gov.in

Website : https://pgcollegeguna.in/


हरिभूमि - गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि

9 July 2022


भोपाल, शनिवार 9 जुलाई 2022

haribhoomi.com


## रासेयो ने चलाया गढ़ा में स्वच्छता अभियान

# स्वयंसेवकों ने गांव के प्रवेशद्वार पर बने हनुमान मंदिर परिसर की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना द्वारा गोद लिए ग्राम गढ़ा में रासेयो द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर रासेयो अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला एवं संजीव कुशवाह के साथ स्वयंसेवकों ने गांव के प्रवेशद्वार पर बने हनुमान मंदिर पर सफाई कर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर में घास एवं कचरे की सफाई की। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवक, प्राध्यापक डॉ. ललित नामदेव के साथ शासकीय एकीकृत हाईस्कूल गढ़ा पहुंचे। वहां पहुंचकर स्वयंसेवकों द्वारा स्कूल के छात्रों को स्वच्छता के बारे में समझाया गया। उसके पश्चात विद्यालय में स्वयसेवकों तथा स्कूल छात्रों ने एकसाथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। इस स्वच्छता अभियान में एकीकृत हाईस्कूल के प्राचार्य एसपी नाना द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया एवं उन्होंने राष्ट्रीय



सेवा योजना के स्वयंसेवकों के साथ चर्चा की। अंत में डॉ.ललित नामदेव द्वारा बच्चों को गणित विषय पर आधारित एक खेल खिलाया गया। इसके बाद सभी स्वयंसेवक धुंधेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचे। वहां स्वच्छता अभियान चलाया। अंत में गांव में झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले लोगों के लिए निकलने का रास्ता बनाया एवं गांव वालों को स्वच्छ रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर राजेश मीना, पर्वत सिंह लोधा, जितेन्द्र धाकड़, रवि कुमार मीना, रूपेश भगत एवं मानस शर्मा का विशेष योगदान रहा।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आज

गुना। कलेक्टर फ्रेंक नोबल ए. की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक 09 जुलाई को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक,अपर कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, प्रभारी अधिकारी शाखा,अनुविभागीय दण्डाधिकारी गुना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गुना, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय, महाप्रबंधक (संचा/संधा) मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि., कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, उप पुलिस अधीक्षक यातायात गुना, नगर पुलिस अधीक्षक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, तहसीलदार तहसील गुना (नगरीय/ग्रामीण) तथा थाना प्रभारी पुलिस कोतवाली गुना एवं थाना कैंट को निर्धारित समय एवं तिथि उप उपस्थित रहना सुनिश्चित के निर्देश जारी किए गए हैं।


Signature Not Verified

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

## Bicycle Rally

# पर्यावरण और स्वस्थ रहने के लिए साइकिल चलाना जरूरी



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय व कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय से छात्र साइकिल रैली निकालते हुए।

## रैली निकालकर किया जागरूक

भास्कर संवाददाता | गुना

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से शुक्रवार को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर एनएसएस के छात्र छात्राओं ने एक साईकिल रैली का आयोजन किया, जिसे प्राचार्य डॉ वीके तिवारी ने रवाना करवाया। जिसके तहत छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण बचाओ एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए और स्वंय स्वस्थ रहने के लिए राहगीरों से साइकिल का वाहन के रूप में अधिक से अधिक प्रयोग करने की अपील की।

यह साइकिल रैली महाविद्यालय परिसर से बाजार होते हुए कलेक्टर आवास, सब्जी मंडी होते हुए महाविद्यालय पर आकर समाप्त हुई। रैली में छात्र-छात्राओं के साथ एनएसएस प्रभारी संजीव कुशवाहा एवं गणित विभाग की डॉ ऋचा जैन ने भी साइकिल चलाकर छात्रों को प्रोत्साहन किया। रैली के साथ चल रहे छात्रों ने राहगीरों को साइकिल का महत्व बताते हुए नारे लगाए।

शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने भी 'आजादी के अमृत महोत्सव' के साथ विश्व साईकिल दिवस के अवसर पर 'फिट इंडिया फ्रीडम फाइटर' साईकिल रैली निकाली। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनीता जैन ने साईकिल की उपयोगिता बताते हुए कहा कि सभी लोगों को दो पहिया वाहन के रूप में साईकिल को अपनाना चाहिए। साईकिल चलाने से स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है एवं पर्यावरण संरक्षण में भी यहां उपयोगी है।

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Signature Not Verified
Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

दैनिक भास्कर **गुना भास्कर 18-03-2021**

**महोत्सव** • शासकीय पीजी कॉलेज से सुबह सात बजे आजादी की अमृत महोत्सव का आयोजन

# रैली में एनसीसी कैडेट्स छात्र और छात्राओं सहित वरिष्ठ अध्यापकों ने चलाई साइकिल

भास्कर संवाददाता | गुना

## रैली अम्बेडकर भवन चौराहा से ऐतिहासिक स्थल बजरंगगढ़ किले तक पहुंची



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से सुबह सात बजे आजादी के अमृत महोत्सव आयोजन के अन्तर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह साइकिल रैली अम्बेडकर भवन चौराहा से ऐतिहासिक स्थल बजरंगगढ़ किले तक पहुंची। जिसमें एनसीसी, एनएसएस तथा अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। साइकिल रैली को प्राचार्य डॉ. बीके तिवारी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह साइकिल रैली प्रतीकात्मक हैं, जिसके द्वारा देशभक्ति, एकता एवं सद्भावना का परिचय दिया जा रहा हैं। छात्रों, युवाओं के बड़ी संख्या में शामिल होने पर डॉ. तिवारी ने छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की। इस आयोजन की प्रमुख विशेषता यह रही कि पीजी कॉलेज की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अर्चना श्रोत्रिय ने पूरी रैली में साइकिल चला कर उल्लेखनीय भागीदारी की। साइकिल रैली के बजरंगगढ़ पहुंचने पर आयोजन के मुख्य अतिथि खेल शिक्षक आशीष गलगले, साइक्लिस्ट ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा कि अच्छा स्वास्थ्य हर नागरिक के लिए अनिवार्य है, देश की समुचित प्रगति नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य से ही संभव हैं। इस दिशा में साइकिलिंग एक सम्पूर्ण व्यायाम हैं, जिसे हर व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम आधे घंटे अवश्य करना चाहिए। इस व्यायाम से हृदय, फेफड़े एवं मांसपेशियां इत्यादि पूर्णतः स्वस्थ रहती हैं। साइकिल रैली के दौरान जिला प्रशासन द्वारा एम्बुलेंस, पुलिस वाहन एवं ट्रैफिक संबंधी समुचित व्यवस्था की गई थी। साइकिल रैली के आयोजन में एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. मनोज भिरोरिया की विशेष भूमिका रही। आयोजन के अंत में अमृत महोत्सव की नोडल अधिकारी डॉ. टेसी थॉमस ने आभार व्यक्त किया। बजरंगगढ़ किले पर डॉ. आरके विजयवर्गीय, डॉ. हरिओम खटीक, डॉ. हरिशंकर कंसाना, कैलाश चंद्र, राहुल पटेल, विकास पित्रे, जगतसिंह किरार, डॉ. अनिता गहलोत, प्रकाशचंद्र चैरसिया, यशवंत जाटव, चन्द्रशेखर राजपूत एवं यशवंत शर्मा (एनसीसी अधिकारी एवं आयोजन संचालक) उपस्थित रहे।

सकतपुर में रासेयो शिविर राम टेकरी पर सभी स्वयं सेवकों ने सफाई की पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना विज्ञान एवं वाणिज्य इकाई के सकतपुर शासकीय हाईस्कूल भवन में लगे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन सभी स्वयं सेवकों ने हाई स्कूल से राम टेकरी तक स्वच्छता अभियान की रैली निकाली, जिसमे नरेश लोधी एवं नीलेश रैकवार ने बुंदेलखंडी लोक गीत -"अब न रहे गंदगी देश मै देश को निर्मल स्वच्छ बनाने है पढ़ने और पढ़ाने है" एवं स्वच्छता अभियान को लेकर सभी के साथ मिलकर नारे लगाए। राम टेकरी पर सभी स्वयं सेवकों ने साफ सफाई की और लोगो को स्वच्छता अभियान के बारे में एवं कोरोना से बचाव के उपाय बताते हुए मास्क पहनने के लिए जागरूक किया।

आज के बौद्धिक सत्र के मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ. सतीश चतुर्वेदी, समाज सेवी डॉ. विकास जाट, एनसीसी प्रभारी डॉ. मनोज भिरोरिया रहे। डॉ. चतुर्वेदी ने युवा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप एक गांव को गोद लेकर उसकी सेवा करते है, उनको जागृत करने की कोशिश करते है, या आप किसी मजबूर और परेशान व्यक्ति की मदद करते है, इसका मतलब है की आप संपूर्ण देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश हर एक व्यक्ति एक राष्ट्र हैं। उन्होंने बताया कि गुना के व्यक्तियों का कोरोना काल मैं लोगो की जितनी सहायता की वो देश मैं दूसरे स्थान पर सबसे अच्छी थी। हम सभी गुना के इस गौरव को कम भी नहीं होने देना हैं, हमारे अंदर सेवा का भाव बना रहेगा तभी हम मानव कहलाएगा। हमारे खाने पीने की व्यवस्था केवल एक जगह से नही होती है सम्पूर्ण राष्ट्र मिलकर ही हमारे खाने की व्यवस्था करता है जिस दिन हम जान लेंगे की संपूर्ण राष्ट्र के बिना हम अधूरे है पूरा देश हमारा है तब ही आप में राष्ट्रीय चेतना आएगीं। डॉ. जाट ने बताया कि समाज सेवा कैसे हमारे जीवन और समाज को निखारती है समाज सेवा से ही हम समाज मै कैसे रहे ये सीखा जा सकता हैं।

डॉ. भिरोरिया ने बताया कि पर्यावरण एवं वन संरक्षण हमारे लिए बहुत जरूरी है, प्रकृति ने जो कुछ हमें दिया है वो सब एक सम्पूर्ण निकाय हैं। अब अगर हमने कुछ छेड़छाड़ की तो हम उसमें कोई न कोई कमी कर रहे हैं जो हमारे लिए ही नुकसान दायक हैं। हम मानवों ने अपने फायदे के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई करके पर्यावरण की एक इकाई को खत्म करते जा रहे है जिससे अन्य कई जीव खत्म होते जा रहे हैं। जिससे पर्यावरण को अपूर्ण क्षति हुई हैं। यानि मानवों ने जाने अनजाने अपने लिए एक बहुत बड़ा संकट खड़ा कर लिया है इस संकट से बचने का एक मात्र उपाय वनों को पुनः जीवित करके ही किया जा सकता हैं।


Govt PG College, Guna (MP)


Signature Not Verified

Niranjan Shrotriya | Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:26 | 24.12.2023 01:36
IQAC Coordinator | Principal




Signature Not Verified

Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal

## Haritvasundhra Pledge




Niranjan Shrotriya
24.12.2023 01:26
IQAC Coordinator

Signature Not Verified
Brij Kishore Tiwari
24.12.2023 01:36
Principal